समस्या | पेयजल को लेकर मची त्राही-त्राही

पुराने तालाब सूखे और जिन तालाबों के निर्माण में लाखों खर्च किये वह भी सूख गये

नवभारत,नरसिंहपुर,तेंदूखेड़ा। इन दिनों विकास खंड चांवरपाठा क्षेत्र में पानी को लेकर गंभीर स्थिति बनीं हुई है। लगातार जमीनी जल स्तर काफी नीचे पहुंचता चला जा रहा है। प्राकृतिक जल स्रोतों के साथ ट्यूबवेल और हेडपंप के गड्ढों ने जबाव दे दिया है।ऐसी स्थिति में लोग पेयजल और निस्तार के लिए पानी मवेशियों को पानी की व्यवस्था के लिए दो से चार हो रहें हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति के लिए शासन द्वारा लाखों करोड़ों रुपए खर्च करके नल जल योजनाओं के माध्यम से जिस उद्देश्य की पूर्ति के लिए पहल की गई थी वह ठेकेदारों की मनमानीपूर्ण कार्यप्रणाली के चलते केवल दिखावा ही साबित हो रही है। निर्धारित मापदंडों को ताक पर रखकर पानी की टंकी निर्माण के पूर्व ही डाली गई लाइन टूटी पड़ी हुई है।केवल स्टेंड पोस उपभोक्ताओं को मुंह चिढ़ा रहे हैं।तो पानी की टंकी तीन चार साल में बनकर तैयार नहीं हो पाई है। ट्यूबवेल के गड्ढों से पानी नहीं आ रहा है जैसी विभिन्न विसंगति पूर्ण स्तिथि के कारण संपूर्ण विकास खंड में पेयजल की स्थिति खराब बनीं हुई है।

एक पट्टी पूरी पानी से अछूती, नदियों पर नहीं बनें स्टाप डैम

इस व्यवस्था को लेकर कुछ ग्रामों के लोगों ने मतदान करने से बना कर दिया है। और ग्राम सभा में निर्णय लिये जा रहे हैं। सबसे बड़ी विसंगति पूर्ण स्तिथि तो यहां पर यह बनीं हुई है कि राजमार्ग क्रमांक 44 अमथनू से लेकर मानकपुर विजोरा बांसखेड़ा पीपरवानी पान घुघरी सिगोंटा रम्पुरा खमरिया ढिलवार मौआखेडा खकरैडी ब्रह्मनी मर्रावन इमलिया तक लगभग 45 गांवों में हर साल गर्मियों में पानी की गंभीर स्थिति निर्मित हो जाती है। यहां पर ना तो अभी तक पेयजलापूर्ति के स्थाई समाधान हुये और ना ही वेराज चिंनकी परियोजना के माध्यम से प्रथम फेस में कोई उचित पहल की गई है। यहां तक पिछले माह क्षेत्रीय किसानों ने एक आंदोलन के माध्यम से यह विषय प्राथमिकता से रखा था लेकिन केवल आश्वासन ही हाथ रहे। सबसे बड़ी विसंगति पूर्ण स्तिथि तो यहां पर बहने वाली पांडाझिर बरांझ सिन्दूर नदियों पर छोटे छोटे स्टाप डेम निर्माण के लिए लगभग तीन दशकों से मांग चली आ रही है लेकिन केवल चुनाव के समय जनप्रतिनिधियों द्वारा स्वयं इस विषय को मूर्त रूप में लाने का भरोसा तो दिलाया जाता है लेकिन चुनाव परिणाम आने सरकार बन जाने के बाद विषय गूढ़ हो कर रह जाते हैं।

ग्रामीणों ने दिखाई एकजुटता

यदि इन नदियों पर स्टाप डेम बन जाते तो निश्चित रूप से लगभग 30 से 40 गांवों में पानी की समस्या से निजात मिल जाता और जमीनी जल स्तर भी बढ़ जाता।हेंडपंपो से पानी भी आता रहता। पानी को लेकर ग्रामीणों ने दिखाई एकजुटता विगत दिनों समीपी ग्राम विजोरा में ग्राम के लोगों ने एक ग्राम सभा का आयोजन कर स्थाई रूप से पेयजल समस्या का जब-तक समाधान नहीं हो जाता है तब तक ना तो किसी चुनाव में भाग लेंगे और ना ही किसी नेता जनप्रतिनिधियों को गांव में बुलाया जायेगा। इस तरह की स्थिति से स्पष्ट हो जाता है कि लोग जीवन मूल्यों से जुड़ी समस्याओं के निराकरण हेतु अब लामबंद हो रहे हैं।

भीषण गर्मी में पानी के लिए तरसता फुआरा चौक

नवभारत,गोटेगांव। नगर की सुंदरता का केंद्र फुआरा चौक पर लगा फुहारा को चालू करने की नगरवासी मांग उठा रहे हैं भीषण गर्मी से ताकि नगर वासियों को थोड़ी सी राहत मिल सके और साथ ही साथ नगर की सुंदरता में चार चांद लग सकें क्योंकि फुहारा चौक बैनर पोस्टर फ्लेक्स चिपकने तक ही सीमित रह गया है नगर पालिका से आम नागरिकों ने अपील की है कि फुआरा चौक पर लगे फुहारे की कायाकल्प कर पुनः चालू कराने की मांग की है जिससे लोगों को थोड़ी बहुत गर्मी से राहत मिल सके फुहारा चौक के सामने चौपाटी भी लगती है यहां पर हमेशा भीड़भाड़ का माहौल रहता है जिससे लोगों की आवाजाही बनी रहती है और पास में रेलवे स्टेशन भी स्थित है आते-जाते राहगीरों को इस भीषण गर्मी से ठंडक मिल सके साथ ही नगर में सुंदरता के साथ-साथ नगर के हृदय स्थल फुआरा चौक की खूबसूरती कायम रहे ! ऐसी अपील नगरीय प्रशासन से आम नागरिकों ने फुआरा चौक का कायाकल्प कर चालू कराने की मांग की है।

मुख्य सड़क किनारे मनमाने तरीके से लगाए जा रहे विद्युत पोल

नवभारत,तेंदूखेड़ा। इन दिनों समीपी ग्राम मदनपुर में फोरलेन से एक फिट की दूरी पर साईड पट्टी पर ठेकेदार द्वारा बिना अनुमति के बड़ी लाइन के विधुत खंभा लगाएं जा रहें हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 45 जबलपुर भोपाल सड़क मार्ग से प्रतिदिन हाई स्पीड में हजारों वाहनों का आवागमन होता है और साईड पट्टी के समीप सड़क पर मोटरसाइकिल और भारी वाहन भी निकलते रहते हैं यदि सड़क से वाहन क्रासिंग के लिए थोड़ा भी साइड पट्टी पर उतरता है तो सीधा खंभा से टकराएगा और दुर्घटना का शिकार होगा एन एच आई अधिकारियों एक तरफ अतिक्रमण हटवाएं जा रहें हैं ।और अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं ।लेकिन दूसरी तरफ खुलेआम मनमाफिक तरीके से फोरलेन सड़क पर खंभा लगाकर अतिक्रमण किया जा रहा है। मदनपुर वासियों का कहना है कि इससे यातायात भी प्रभावित होगा और आए दिन दुर्घटना होने की संभावना बनी रहेगी। अधिकारियों को जानकारी देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होती है और ठेकेदार मनमाने तरीके से कार्य करते रहते हैं।

विधायक के अथक प्रयास से मुख्यमंत्री कोष से 1 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

नवभारत,गोटेगांव। गोटेगांव विधायक महेन्द्र नागेश की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री विशेष निधि से नगर के विभिन्न जनहितैषी निर्माण एवं विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इन स्वीकृत कार्यों के टेंडर जारी हो चुके हैं तथा निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किए जाएंगे। इन विकास कार्यों में शासकीय रानी अवंती बाई विद्यालय में बाउंड्रीवॉल निर्माण, कामथ वार्ड में भवन एवं सामुदायिक भवन निर्माण, शंकराचार्य गार्डन का सौंदर्यीकरण तथा दानगंज में सामुदायिक भवन निर्माण शामिल हैं। इसके साथ ही ठाकुर बाबा मंदिर परिसर में पेवर ब्लॉक एवं सौंदर्यीकरण कार्य, मुक्तिधाम में अस्थि विसर्जन भवन एवं पोस्टमार्टम भवन निर्माण तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए टीन शेड एवं बाउंड्रीवॉल निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे। इन सभी कार्यों की कुल लागत लगभग एक करोड़ रूपये है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरांत नगरवासियों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा गोटेगांव नगर के विकास को नई गति मिलेगी।

पुलिस की संवेदनशील एवं जनहितैषी कार्यवाही की क्षेत्र में सराहना

नवभारत,नरसिंहपुर। जिले में आमजन की सहायता एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पुलिस अधीक्षक, डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन में नरसिंहपुर पुलिस लगातार संवेदनशील एवं जनहितैषी कार्य कर रही है। इसी क्रम में चैकी सिंहपुर पुलिस, थाना स्टेशनगंज ने तत्परता एवं मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एक वृद्ध किसान की मेहनत की कमाई सुरक्षित वापस कर सराहनीय कार्य किया है। दिनांक 23/05/2026 को साधुराम चौधरी पिता बहोर सिंह चौधरी, उम्र 76 वर्ष, निवासी ग्राम बरखेड़ा द्वारा चना बेचकर प्राप्त राशि लेकर बस स्टैंड नरसिंहपुर से ग्राम बरखेड़ा जाने हेतु बस में यात्रा की जा रही थी। यात्रा के दौरान उनका एक थैला, जिसमें ?27,200 नगद रखे हुए थे, बस में ही छूट गया। वृद्ध किसान द्वारा दिनभर अपने स्तर पर थैले की तलाश की गई, लेकिन थैला नहीं मिलने पर शाम को चौकी सिंहपुर पहुंचकर पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना द्वारा एसडीओपी नरसिंहपुर मनोज गुप्ता के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर वृद्ध के गुम हुए रुपयों की तत्काल तलाश हेतु निर्देशित किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा तत्परता एवं संवेदनशीलता दिखाते हुए बस मालिकों एवं कर्मचारियों से संपर्क कर पूछताछ की गई तथा प्रभावी तलाश अभियान चलाया गया। पुलिस की सक्रिय कार्यवाही के परिणामस्वरूप पुलिस टीम द्वारा हर्रई, जिला छिन्दवाडा के आगे एक ग्राम के पास से वृद्ध किसान का नगदी से भरा थैला सुरक्षित बरामद करने में सफलता प्राप्त की गई। वृद्ध के गुमे रूपये बरामदगी उपरान्त संपूर्ण राशि ?27,200 सही सलामत वापस की गई। अपनी मेहनत की कमाई वापस मिलने पर वृद्ध किसान एवं उनके परिजनों द्वारा नरसिंहपुर पुलिस का आभार व्यक्त किया गया। तत्परता से कार्यवाही करने में सराहनीय भूमिका उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी, स्टेशनगंज, निरीक्षक, सौरभ पटेल, चौकी प्रभारी, सिंहपुर, सउनि विजय पटेल, सैनिक सफीक खान की सराहनीय भूमिका रही है।

श्री शिव कथा एवं ज्ञानयज्ञ आयोजित

नवभारत,साईखेड़ा। समीपी ग्राम ज्वारा में पुरुषोत्तम माह के पावन अवसर पर शिवकथा का आयोजन किया गया। कथा का शुभारंभ कलश यात्रा से हुआ यात्रा ग्राम में भ्रमण करती हुई कथास्थल पर संपन्न हुई। प्रतिदिन कथास्थल पर पूज्य श्री रविशंकर जी महाराज ने शिवकथा सुनाते हुए कहा कि श्री शिव महापुराण और शिव कथा का सनातन धर्म में बहुत बड़ा महत्व है।

शिव शब्द का अर्थ ही कल्याण है। शिव कथा सिखाती है कि भगवान शिव अत्यंत भोले हैं और वे केवल एक लोटा जल या बेलपत्र से भी प्रसन्न होकर अपने भक्तों का कल्याण कर देते हैं। उन्होंने कहा कि शिव मूल रूप से निराकार हैं, जो भक्तों के आनंद के लिए साकार रूप धारण करते हैं। समुद्र मंथन के दौरान जब सृष्टि को बचाने के लिए हलाहल विष निकला, तो शिवजी ने उसे अपने कंठ में धारण कर लिया। उनका यह कार्य हमें सिखाता है कि समाज और परिवार के कल्याण के लिए कभी-कभी हमें भी कड़वी बातों या विष रूपी परिस्थितियों को अपने अंदर पचाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि शिव और शक्ति का संबंध यह दिखाता है कि प्रकृति और पुरुष एक-दूसरे के बिना अधूरे हैं।उन्होंने कथा में बताया कि शिव कथा को केवल श्रद्धापूर्वक सुनने, उनका कीर्तन करने और ध्यान करने से ही मनुष्य के सभी पापों, कष्टों और अज्ञानता का नाश हो जाता है और अंत में मोक्ष की प्राप्ति होती है। उल्लेखनीय है कि पूर्णाहुति एवं भंडारे के साथ कथा का समापन हुआ। कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

एक नजर में

सैयद बाबा दरगाह पर अकीदत के साथ चादर संदल पेश

नवभारत,गाडरवारा। वीजसेन वार्ड स्थित हजरत सैय्यद बाबा की दरगाह शरीफ पर श्रद्धा और अकीदत के साथ चादर संदल पेश किया गया। दरगाह परिसर में नमाज-ए-मगरिब के बाद कुरान ख्वानी का आयोजन हुआ, जिसके बाद चादरपोशी एवं लंगर कराया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। सभी श्रद्धालुओं ने दरगाह पर इत्र व खुशबू पेश कर अमन, शांति और खुशहाली की दुआएं मांगीं। मुन्नू स्टूडियो परिवार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में देर रात तक तबर्रुक लंगर वितरित किया गया।

अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई

नवभारत,नरसिंहपुर। कलेक्टर रजनी सिंह के निर्देशन में बुधवार को गोटेगांव तहसील के मौजा बौछार पटवारी हल्का नंबर 10 स्थित भूमि खसरा नंबर 190 रकवा 0.785 हे, जिस पर मंडी निर्मित है, उस पर राजस्व विभाग के अमले के द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। मौके पर तहसीलदार गोटेगांव नीरज तखरया, पुलिस बल और राजस्व विभाग का अमला मौजूद था।

खजुराहो में योग महोत्सव आयोजित

नवभारत,नरसिंहपुर। जिला आयुष अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अंतर्गत बुधवार को आयोजित 25 वें काउंटडाउन कार्यक्रम का आयोजन विश्वप्रसिद्ध खजुराहो में किया गया। अंतरर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) एवं 50 बिस्तरीय एकीकृत आयुष चिकित्सालय परिसर में नियमित योगाभ्यास किया जा रहा है। खजुराहो में आयोजित काउंटडाउन से जुड़कर 25 वें कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले में संचालित समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) एवं 50 बिस्तरीय एकीकृत आयुष चिकित्सालय परिसर में योगाभ्यास किया गया।

जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक 29 को

नवभारत,नरसिंहपुर। प्रभारी अधिकारी खनिज शाखा नरसिंहपुर ने बताया कि अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण की रोकथाम के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक 29 मई को प्रात 10:45 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

नागरिकों को मिलेगी आधार संबंधी सुविधा

नवभारत,नरसिंहपुर। कलेक्टर रजनी सिंह के निर्देशन में तहसील कार्यालय तेंदूखेड़ा में आधार केन्द्र स्थापित किया गया है। आधार केन्द्र के शुरू होने से अब नागरिकों को आधार संबंधित कार्यों के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। कोई भी नागरिक तहसील कार्यालय तेंदूखेड़ा में आधार कार्ड बनवाने तथा आधार कार्ड में आवश्यक सुधार का कार्य करवा सकेंगे, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी।

प्रभारी प्राचार्य पर तानाशाही के आरोप

नवभारत,साईखेड़ा। शासकीय महाविद्यालय साईखेड़ा में पदस्थ प्रभारी प्राचार्य घनश्याम दास कौरब पर अतिथि विद्वानों एवं आउटसोर्स कर्मचारियों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। कर्मचारियों का कहना है कि प्रभारी प्राचार्य द्वारा लगातार मानदेय भुगतान सहित अन्य प्रशासनिक मामलों को लेकर उन्हें आर्थिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। पीड़ित अतिथि विद्वानों और आउटसोर्स कर्मचारियों के अनुसार, लंबे समय से उन्हें समय पर मानदेय नहीं मिल पा रहा है, जिससे आर्थिक परेशानियां बढ़ती जा रही हैं। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि उनकी समस्याओं के समाधान के बजाय उन्हें अनावश्यक दबाव और मानसिक तनाव का सामना करना पड़ रहा है। इन्हीं समस्याओं को लेकर मंगलवार, 26 मई 2026 को महाविद्यालय के समस्त अतिथि विद्वान एवं आउटसोर्स कर्मचारी जिला मुख्यालय पहुंचकर जनसुनवाई में शामिल हुए।

जनपद स्तरीय बीपीएमयू बैठक में जनशिक्षकों को दिये निर्देश

नवभारत,तेंदूखेड़ा। विगत दिवस जनपद शिक्षा केन्द्र चॉवरपाठा में समस्त जनशिक्षकों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें एजेण्डा बार समस्त जनशिक्षकों जानकारी के साथ आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में यू डाइस स्टूडेन्ड प्रमोशन की शालावार स्थिति की जानकारीकक्षा 1 से 8 तक का शालावार नामांकन निर्धारित प्रपत्र चाइल्ड ट्रेकिंग एप्प पर किये गये बच्चों के सत्यापन की समीक्षा टॉजीशन लॉस की छात्रवार प्रदाय की गई सूची में कारण सहित जानकारी पाठ्य पुस्तक वितरण के पश्चात पुस्तक हेतु शेष विद्यार्थियों की विषयवार जानकारी ।सायकिल सत्यापन एवं चेचिस नम्बर की एन्ट्री की जानकारी। पुन परीक्षा 2026-27 पर चर्चा प्रवेश पत्र वितरण एवं शत प्रतिशत उपस्थिति के संबंध में जनशिक्षा केन्द्र अन्तर्गत जर्जर भवन डिस्मेन्टल योग्य भवन मरम्मत योग्य भवनों की जानकारी अलग अलग प्रपत्र में देने के साथ विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

रेलवे स्टेशन की अव्यवस्थाओं को लेकर डीआरएम से शिकायत

नवभारत,करेली। पश्चिम मध्य रेलवे के अंतर्गत आने वाले करेली रेलवे स्टेशन परिसर में बढ़ती अव्यवस्थाओं, शराबखोरी, अवैध वसूली और नाबालिग बच्चों से भीख मंगवाने जैसी गंभीर समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद ने डीआरएम जबलपुर को शिकायत सौंपकर उच्चस्तरीय जांच एवं कार्रवाई की मांग की है।

राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के जिलाध्यक्ष भागीरथ तिवारी द्वारा भेजे गए शिकायत पत्र में बताया गया कि इन दिनों करेली रेलवे स्टेशन परिसर में खुलेआम शराबखोरी और नशाखोरी का माहौल बना हुआ है।कई लोग स्टेशन परिसर में शराब पीकर गंदगी फैला रहे हैं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्टेशन परिसर में जगह-जगह कचरा फैला रहने से स्वच्छता व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि स्टेशन परिसर में नाबालिग बच्चे भीख मांगते हुए दिखाई देते हैं। कई बच्चे नशे की हालत में नजर आते हैं, जो सामाजिक और मानवीय दृष्टि से बेहद चिंताजनक स्थिति है। इससे बच्चों का भविष्य प्रभावित हो रहा है और यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था पर भी नकारात्मक असर पड़ रहा है।इसके अलावा रेलवे स्टैंड पर कार्यरत कर्मचारियों पर निर्धारित नियमों के विरुद्ध वाहन चालकों से अवैध रूप से रुपए वसूलने के आरोप भी लगाए गए हैं। शिकायतकर्ता ने कहा कि यात्रियों और वाहन चालकों से मनमाने तरीके से वसूली किए जाने से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। पत्र में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत करेली रेलवे स्टेशन में चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए गए हैं। आरोप लगाया गया है कि निर्माण कार्य न केवल गुणवत्ताहीन हैं बल्कि तय समय सीमा में भी पूरे नहीं हो पा रहे हैं।मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई है। जिलाध्यक्ष भागीरथ तिवारी,पत्रकार सुनील पटेल ,गीत गोविंद पटेल आदि ने डीआरएम जबलपुर से मांग की है कि स्टेशन परिसर में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाए, नशाखोरी और गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए तथा भीख मांगने वाले बच्चों के पुनर्वास के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया जाए। साथ ही अवैध वसूली और निर्माण कार्यों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग भी की गई है।



सत्य और धर्म का पालन किया तो सार्थक होगा इस संसार में आना : विपिन बिहारी

महाराज ने कहा कि आतंकवादी और बलात्कारी को सीधे फांसी की सजा मिलनी चाहिए

नवभारत,गोटेगांव। समीप ग्राम भडरी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास विपिन महाराजजी ने कहां की आतंकवादी और बलात्कारी यह हमारे देश में जिस दिन ऐसे कानून बना की डायरेक्ट सजा यानी की जिस किसी ने अपराध किया है उसे तुरंत फांसी की सजा मिलनी चाहिए क्योंकि अक्सर हम लोगों ने देखा है कि आतंकवादी और बलात्कारी पर सालों साल कानूनी अदालत में सुनवाई चलती है जिससे न्याय पाने वाला टूट जाता है और हमारे देश का पैसा और भोजन दोनों बर्बाद होता है इनके ऊपर इसलिए ऐसी घटना ना हो ऐसा कड़ा कानून नियम बनाना चाहिए महाराज श्री ने कश्मीर में हुए पहलगाम आतंकवादी हमला जहां धर्म पूछ कर हिंदू धर्म के लोगों को गोली मारी गई इस घटना की जितनी निंदा की जाए वह कम है आगे महाराज जी ने कहा कि हमारे देश में जितना खतरा और जितना डर आतंकवादियों से है उतना ही डर हमारे देश में बैठे हुए कामनेवी के रूप में हमारे देश के गद्दार हमारे देश की नीवं खोखला कर रहे हैं ऐसे देशद्रोहियों को कोई हक नहीं है भारत में रहने का आगे महाराज जी ने कहा कि आए देश में बड़ी-बड़ी घटनाएं हो रही है ऐसा क्यों हो रहा है इसके पीछे हमारे देश में बैठे हुए कामनेवी राक्षसों को पहचानना होगा तभी हमारा देश सुरक्षित हो पाएगा महाराज श्री महाभारत का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि महाभारत युद्ध प्रारंभ होने से पहले दुर्योधन और अर्जुन कृष्ण भगवान से मिलने पहुंचे भगवान श्री कृष्णा के सामने अर्जुन भगवान के चरणों को प्रणाम किया और आशीर्वाद प्राप्त किया वहीं दुर्योधन ने भगवान के बगल में बैठ गया जब भगवान ने अपने नेत्रों के सामने अर्जुन को दिखा तो भगवान ने पूछा किस लिए आए हो तभी दुर्योधन ने पीछे से की प्रभु मैं भी आया हूं जहां अर्जुन आशीर्वाद मांगा वही दुर्योधन ने सेना और परिणाम धर्म के साथ स्वयं भगवान साथ खड़े थे तो जीत सुनिश्चित थी।

धूम्रपान करना गलत है

ऐसे काम करो कि भगवान की नजर सीधे तुम पर पड़े तो तुम्हारा कल्याण होगा अगर भगवान की तिरछी नजर परी गलत काम किया तो तुम्हारा काम भी दुर्योधन जैसा होगा तुम लाख भजन पूजा पाठ करो उससे कुछ होने वाला नहीं है अगर तुमने सत्य धर्म मार्ग पालन किया सही काम किया तो तुम्हारा इस संसार में आना सार्थक होगा और जाने के बाद तुम्हारा नाम होगा ऐसा काम करो आगे महाराज जी ने कहा कि कुछ लोग साधु संतों का अपमान कर रहे हैं और भगवान का भी साधु संत की परंपरा हाथ में तुलसी की माला वेद पुराण का ज्ञान और भागवत भजन लेकिन कई लोग गांजा अफीम और अन्य धूम्रपान करते हैं जो गलत है ऐसा हमारे शास्त्रों में लिखा ही नहीं है।

कथा वाचक विपिन बिहारी महाराज से विधायक नागेश ने लिया आशीर्वाद

नवभारत,गोटेगांव। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भड़री में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस पर विधायक महेन्द्र नागेश सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने पूज्य व्यासपीठ के दर्शन कर कथा श्रवण किया तथा पूज्य गुरुदेव पं. विपिन बिहारी दासजी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। विधायक नागेश ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा भारतीय संस्कृति, धर्म एवं आध्यात्मिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। कथा श्रवण के दौरान क्षेत्रवासियों के साथ भक्ति एवं आध्यात्मिक चेतना से ओतप्रोत वातावरण का अनुभव हुआ। इस दौरान उनके साथ सांसद प्रतिनिधि पंकज चौकसे उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में विधायक नागेश ने भगवान से समस्त क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं मंगलमय जीवन की कामना की। कथा आयोजन में उपस्थित श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक कथा श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त किया।